# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम की एक सौ उन्तीसवीं कड़ी में देश और विदेश में रहने वाले भारतीयों से अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। दो हजार पच्चीस ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। श्री मोदी ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया।

***आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश के कोने–कोने से माँ भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आईं। लोगों ने अपने–अपने तरीके से अपने भाव व्यक्त किये।***

श्री मोदी ने वंदे मातरम की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जज्बे की प्रंशसा की।

***यही जज्बा तब भी देखने को मिला, जब 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे हुए। मैंने आपसे आग्रह किया था कि हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजें। देशवासियों ने इस अभियान में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष 2025 स्मरणीय रहा। श्री मोदी ने विश्व चौंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले पैरा–एथलीटों की भी प्रंशसा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विज्ञान सहित कई क्षेत्रों में भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की। प्रयागराज महाकुंभ ने पूरी दुनिया को चकित कर दिया।

***विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भी भारत ने बड़ी छलांग लगाई। शुभांशु शुक्ला पहले भारतीय बने, जो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक पहुंचे। पर्यावरण संरक्षण और वन्य–जीवों की सुरक्षा से जुड़े कई प्रयास भी 2025 की पहचान बने। भारत में चीतों की संख्या भी अब 30 से ज्यादा हो गई है। 2025 में आस्था, संस्कृति और भारत की अद्वितीय विरासत सब एक साथ दिखाई दी।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ 2026 में प्रवेश के लिए तैयार है। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि वर्ष 2026 विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून के राज्य को सबसे बड़ी ताकत बताया है। उन्होंने कहा है कि कानून का राज्य ही वह आधार है, जिसने प्रदेश में लोगों के मन से असुरक्षा का भाव दूर किया है और विश्वास का वातावरण बनाया है। मुख्यमंत्री आज लखनऊ में आयोजित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन–दो हजार पच्चीस के पुलिस मंथन कार्यक्रम के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने संवाद पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस के थानाध्यक्ष से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अलग–अलग तबके के साथ संवाद स्थापित करना चाहिए, इससे उन्हें धरातल पर कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त होगी। श्री योगी ने थाना सर्किल और पुलिस लाइन्स में भी बेहतर समन्वय पर जोर दिया।

**********

सर्वोच्च न्यायालय उन्नाव दुष्कर्म मामले में प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई उम्रकैद की सजा को निलंबित करने के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सी.बी.आई. की याचिका पर कल सुनवाई करेगा। सेंगर को निचली अदालत ने इस आधार पर सजा सुनाई थी कि वे 'लोक सेवक' की परिभाषा के अंतर्गत आते हैं। उच्च न्यायालय ने इस सप्ताह की शुरुआत में जमानत देते हुए कहा कि सेंगर के मामले में यह नियम लागू नहीं होता।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है और घने कोहरे के कारण जन–जीवन प्रभावित हो गया है। गोरखपुर सहित सभी पूर्वी जिलों में तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है। मौसम के इस रूख का प्रभाव सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी पड़ा है। वाहनों की रफ्तार धीमी हो गयी है, कई स्थानों पर कोहरे के चलते दुर्घटना की सूचना भी मिल रही है। अधिकांश ट्रेनें विलम्ब से चल रही हैं। कई विमानों की उड़ान रद्द होने की भी खबर है। प्रदेश सरकार की तरफ से ठंड से राहत और बचाव के लिये प्रयास तेज कर दिये गये हैं। प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने आज वाराणसी में ऑनलाइन माध्यम से राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। ठंड के कारण किसी भी गरीब, असहाय और निराश्रित व्यक्ति का परेशान न होना सुनिश्चित करें।

उधर, मौसम विभाग ने अगले दो दिनो ंके लिए भीषण ठंड की चेतावनी जारी की है। अयोध्या, सीतापुर सहित तेइस जिलों के लिये रेट अलर्ट जारी किया है।

**********